कार्यालय –नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई।

सूचना /विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननयी उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्रांक 695/इन्फ्रासेल दिनांकित 01.06.2019 में दिये गये निर्देशों एवं माननीय जिला जज के आदेश दिनांकित 04.07.2019 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, उरई के वाह्य स्थित न्यायालय कोंच परिसर की पुरानी निर्मित वाउण्ड्री वॉल, की नीलामी की जानी है। नीलामी दिनांक 10.07. 2019 को समय सांय 5 बजे वाह्य स्थित न्यायालय कोंच परिसर में सम्पन्न होगी–

जनपद न्यायालय उरई के वाह्य स्थित न्यायालय कोंच परिसर की पुरानी वाउण्ड्री वॉल, की लो0नि0वि0उरई के नियत की गयी न्यूनतम धनराशि मु0 82,900.00/–रू0 है। जो न्यूनतम बोली होगी।

इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त वाउण्ड्री वॉल की बोली लगाकर लाभ उठाये। धरोहर की राशि प्रत्येक बोली कर्ता द्वारा बोली बोलने के पूर्व, अमीन सिविल कोर्ट उरई के पास जमा करनी होगी। प्रत्येक बोलीकर्ता व्यक्ति की धरोहर राशि मु0 5000/–रू0 (पांच हजार रूपये मात्र) जमा रहेगी। अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति की धरोहर राशि को छोड़कर शेष बोली कर्ताओं की धरोहर राशि निलामी समाप्त होने के बाद वापिस होगी। नीलामी समाप्त होने पर अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को सम्पूर्ण धनराशि तुरन्त नजारत, जनपद न्यायालय उरई में जमा करनी होगी। नीलामी के बावत अनुबन्ध पत्र निर्धारित स्टाम्प पर निष्पादित करना होगा।

(क) बोली बोलने वाले व्यक्ति बकायादार एवं काली सूची के अन्तर्गत न आता हो।

(ख) बोली स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जिला जज, जालौन स्थान उरई को सुरक्षित रहेगा।

(ग) बोली बोलने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला, पंजीकृत न हुआ हो, और न ही लम्बित हो। इस तथ्य का शपथपत्र प्रत्येक बोली कर्ता को बोली बोलने से पूर्व प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त निलामी की सूचना माननयी उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेवसाइट "www.allahabadhighcourt.in" व जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई की वेवसाइट " ecourts.gov.in/jalaun" पर भी उपलब्ध है।

दिनांक 04.07.2019

(अमित पाल सिंह)
अध्यक्ष
नीलामी समिति
अपर जिला जज न्यायालय संख्या–01
जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई।

प्रतिलिपि सेवा में,

1.- कार्यालय जिलाधिकारी जालौन स्थान उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
2. अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
3. अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
4 अमीन सिविल कोर्ट को तुरन्त मुनादी एवं विस्तृत प्रचार एवं प्रसार कराने हेतु।
5. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जजशिप उरई को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
6. दैनिक कर्मयुग प्रकाश उरई को निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. जनपद न्यायालय हमीरपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
8. जनपद न्यायालय कानपुर देहात के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
9. जनपद न्यायालय कानपुर शहर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
10. जनपद झांसी न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
11. वाह्य स्थित न्यायालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
12. जिला सूचना अधिकारी जालौन स्थान उरई को निःशुल्क प्रचार प्रसार कराने हेतु।
13. श्रीमान ओ0एस0डी0 (कम्प्यूटरस) माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद को माननीय उच्च न्यायालय की बेबसाईट पर सूचना को प्रदर्शित कराये जाने के अनुरोध सहित।
14. कम्प्यूटर अनुभाग, जिला जजी उरई को जनपद न्यायालय की बेबसाइट पर प्रदर्शित कराये जाने हेतु।

दिनांक–04.07.2019

(अमित पाल सिंह)
अध्यक्ष
नीलामी समिति
अपर जिला जज न्यायालय संख्या–01
जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कक्ष संख्या-01
जालौन, स्थान-उरई